प्रेस विज्ञप्ति / Press Release सितंबर / September 21, 2020

# 'इंडस्ट्री स्पॉटलाइट' के प्रारंभ हेतु सिडबी और सीआरआईएफ़ इंडिया में सहयोग

## SIDBI and CRIF India collaborate to introduce 'Industry Spotlight'

### यह एमएसएमई पर केंद्रित त्रैमासिक रिपोर्ट हैं जो नीति निर्माताओं और हितधारकों को महत्वपूर्ण डेटा और अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी

These are quarterly reports with a focus on MSMEs that will help policymakers and stakeholders with key data and insights

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए देश की शीर्ष वित्तीय संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने सीआरआईएफ़ हाय मार्क, जो कि सीआरआईएफ़ के स्वामित्व में एक प्रमुख भारतीय क्रेडिट ब्यूरो है, के साथ सेक्टर-आधारित अंतर्दृष्टि रिपोर्ट 'इंडस्ट्री स्पॉटलाइट' को प्रारंभ करने के लिए भागीदारी की है। यह अपने प्रत्येक संस्करण में प्रमुख उद्योग क्षेत्रों के आंकड़ों और रुझानों को दर्शाने वाली त्रैमासिक रिपोर्टों की एक श्रृंखला होगी। रिपोर्ट का पहला संस्करण भारतीय ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल उद्योग पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत करेगा।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the nation's apex financial institution for Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) has partnered with CRIF High Mark, a leading Indian credit bureau owned by CRIF, for the launch of sector-based insight reports called 'Industry Spotlight'. It will be a series of quarterly reports providing data and trends on key industry sectors in each edition. The first edition of the report will present a deep-dive analysis into the Indian Drugs & Pharmaceutical Industry.

एमएसएमई क्षेत्र हमारे राष्ट्र की आर्थिक संवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई इकाईयां सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29.7% का योगदान करती हैं और 11 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को रोजगार देती हैं। यह एक जीवंत क्षेत्र है और राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद में संवृद्धि को अगले स्तर तक ले जाने का सामर्थ्य रखता है। वैश्विक व्यापार तनाव और बड़े निगमों को प्रभावित करने वाली मांग में मंदी को देखते हुए नीति निर्माताओं के लिए वास्तविक समय डेटा ट्रैकिंग के आधार पर नीतियों को तैयार करना

महत्वपूर्ण हो जाता है। उद्योग क्षेत्रों के स्वास्थ्य और उनकी संभावनाओं के आकलन के लिए उनमें ऋण का प्रवाह हमेशा से एक अच्छा संकेतक रहा है।

The MSME sector plays a critical role in the economic growth of our nation. In India, more than 6 crore MSMEs contribute around 29.7% of the GDP and employ more than 11 crore persons. It is a vibrant sector and holds the promise of taking the GDP growth of the nation to the next level. Given the global trade tensions and the slowdown in demand affecting the large corporates, it becomes critical for policymakers to frame policies based on real-time data tracking. The Flow of credit has always been a good indicator for assessing the health of the industry sectors and their prospects.

रिपोर्ट का उद्देश्य इस क्षेत्र के ऋण परिदृश्य का विश्लेषण करना, इसके जोखिम विश्लेषण के साथ उधारकर्ता घटक को समझना और नीति निर्माताओं के साथ-साथ एमएसएमई साझेदारों को क्षेत्रीय विकास के लिए अपेक्षित रुझान और सांख्यिकी को उपलब्ध कराना है। इस संस्करण का एक मुख्य आकर्षण क्रेडिट प्रोफाइल है जो भारत में ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल उद्योग को प्रदत्त वित्त से संबंधित है।

The report aims to analyze the credit landscape of the sector, understand borrower segments with its risk analysis and equip policymakers as well as the MSME players with the required trends and statistics for sectorial growth. A key highlight of this volume is the credit profile that pertains to the finance extended to the drugs and pharmaceutical industry in India.

यह सहयोग सीआरआईएफ़ और सिडबी की विशेषज्ञता को एक साथ लाएगा, जिसमें सीआरआईएफ़ क्रेडिट निर्णयों का समर्थन करके हर व्यवसाय की प्रगति को गति देगा और सिडबी, एमएसएमई को निर्यात माध्यम, उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन, आदि के संदर्भ में उनकी अंतर्निहित क्षमता का एहसास कराने में अग्रसर रहेगा। इंडस्ट्री स्पॉटलाइट उधारकर्ता के सेंटिमेंट, स्थापित और उभरते समूहों और निर्यात अवसरों के साथ पारितंत्र को और अधिक सशक्त बनाएगी।

The collaboration will bring together the expertise of CRIF and SIDBI wherein CRIF will accelerate the progress of every business by supporting their credit decisions and SIDBI will continue to be at the forefront in helping MSMEs realize their inherent potential in terms of export avenues, production capability, employment generation, etc. Industry Spotlight will further empower the ecosystem with the borrower sentiments, established and emerging clusters, and export opportunities.

इस भागीदारी के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री मनोज मित्तल, उप प्रबंध निदेशक, सिडबी ने कहा कि "यह पहलकदमी एमएसएमई के लिए नवीनतम उद्योग और बाजारोन्मुखी प्रवृत्तियों के साथ-साथ उभरते अवसरों की सापेक्षता में अपनी अंतर्निहित क्षमता का अनुभव कराने के लिए सिडबी के अनवरत प्रयास का एक हिस्सा है। रिपोर्ट में नीति निर्माताओं, बैंकरों और एमएसएमई सहित अन्य हितधारकों के लिए बीजाकार उद्योग समूह विशेष संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण पर अंतर्दृष्टि प्रदान करने का प्रयास किया गया है। कालांतर में यह रिपोर्ट सभी

सहयोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में उभरेगी और इससे एमएसएमई पारितंत्र के विकास प्रक्रिया में आगे भी महत्तर योगदान सुगम होता जाएगा।"

Speaking on the partnership, Shri Manoj Mittal, Deputy Managing Director, SIDBI said, "The initiative is a part of SIDBI's continuous endeavour to make MSMEs realize their inherent potential in the light of the latest industry and market trends as well as emerging opportunities. The report attempts to provide insights to the policymakers, bankers and other stakeholders including MSMEs drawing upon analysis of granular cluster level data. Over time this report will emerge as an important reference point for all the collaborators and help in contributing even more for the development of the MSME ecosystem."

इस सहकार्यता पर प्रकाश डालते हुए सीआरआईएफ के श्री नवीन चंदानी, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि "सीआरआईएफ इंडिया के लिए 'इंडस्ट्री स्पॉटलाइट' के शुभारंभ हेतु भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ जुड़ना गर्व का क्षण है। 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी सरकारी पहलकदमियों के प्रवर्तन के साथ, भारत आगामी वर्षों में सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक दृढ़ अर्थव्यवस्था के रूप में शामिल होने के इस दृष्टिकोण को अंगीकृत किया है। इस महत्वपूर्ण यात्रा में, प्रथम इंडस्ट्री स्पॉटलाइट ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल उद्योग के संबंध में एक अत्यंत गहन विमर्श प्रस्तुत करता है। हम आशान्वित हैं कि इस प्रकार की अंतर्दृष्टि और विश्लेषणपरकता से व्यापक स्तर पर उद्योग लाभान्वित होंगे और इससे सभी पाठकों का मूल्यवर्द्धन और लाभार्जन संभव हो सकेगा।"

Mr. Navin Chandani, MD & CEO, CRIF India, on the collaboration said, "It is a proud moment for CRIF India to associate with Small Industries Development Bank of India (SIDBI) for the launch of 'Industry Spotlight'. With the advent of government initiatives like 'AtmaNirbhar Bharat', India has embarked upon its vision to become one of the fastest-growing economies in the coming years. In this prevailing journey, the first industry spotlight presents a deep-seat dive information into the Drugs and Pharmaceuticals. We hope such insights and analysis will be beneficial for the industry at large and will bring value and benefit to all the readers."

सरकार की पहल और अनुकूल नीतिगत हस्तक्षेपों के कारण भारत के ड्रग्स और फार्मास्युटिकल उद्योग निवेश आकर्षित कर रहे हैं, जो विनिर्माण और रोजगार सृजन के लिए विख्यात हैं। देश में स्वास्थ्य बीमा की बढ़ती पैठ, एक और ऐसा कारक है जो संभावित रूप से ड्रग्स और फार्मास्युटिकल उद्योग के विकास को बढ़ाने वाला है। आने वाले वर्षों में इसके द्वारा अपने उच्च विकास प्रक्षेपण-पथ को जारी रखे जाने की उम्मीद है जिसके परिणाम स्वरूप उद्योग में ऋण की मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

Supported by the government initiatives and owing to favourable policy interventions, India's drugs and pharmaceutical industry is attracting investments, renowned for manufacturing

prowess and creating employments. The increasing penetration of health insurance in the country is another factor that is potentially going to spike the growth of the drugs and pharmaceutical industry. It is expected to continue its high growth trajectory in the years to come which in turn is expected to give a boost to credit demand in the industry.

**सिडबी के बारे में :** 1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। चाहे वे पारंपरिक, छोटे घरेलू उद्यमी हों, पिरामिड के सबसे निचले स्तर के उद्यमी हों, या फिर उच्च-स्तरीय ज्ञान आधारित उद्यमी हों, सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के जीवन को विभिन्न ऋणों तथा विकास कार्यों के माध्यम से प्रभावित किया है। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संलग्नकता की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानने के लिए, देखें : https://www.sidbi.in

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in

**सीआरआईएफ़ इंडिया के बारे में:** सीआरआईएफ़ एक वैश्विक समूह है जिसका मुख्यालय यूरोप में है और इसे आईडीसी द्वारा वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 फिनटेक कंपनियों में स्थान दिया गया है। सीआरआईएफ़ अब भारत में क्रेडिट सूचना, व्यवसाय सूचना, विश्लेषिकी, स्कोरिंग, क्रेडिट प्रबंधन और निर्णय समाधान के लिए उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है। सीआरआईएफ़ हाई मार्क, चार प्रमुख क्रेडिट ब्यूरो में से एक है, जिसमें व्यक्तिगत अभिलेख का सबसे बड़ा डेटाबेस है और हर महीने लाखों ऋण निर्णयों का समर्थन करता है। यह पहला पूर्ण-सेवा क्रेडिट ब्यूरो है और इसमें सभी उधारकर्ता खंड, जैसे - वाणिज्यिक, खुदरा और अल्प-वित्त शामिल हैं । सीआरआईएफ़ देश के सभी अग्रणी वित्तीय संस्थानों के साथ काम करता है। यह उन्हें, कम गुणवत्ता के डेटा पर कार्य करने हेतु प्रमाणित, अपने स्वामित्व वाले 'भारत के लिए भारत में निर्मित खोज-इंजन' के साथ व्यापक ब्यूरो कवरेज प्रदान करता है।

**About CRIF India:** CRIF is a global group headquartered in Europe and has been ranked among the top 50 fintech companies globally by IDC. CRIF now offers products and services for Credit Information, Business Information, Analytics, Scoring, Credit Management and Decision

solutions in India. CRIF High Mark is one of the four leading credit bureaus that has the largest database of individual records and supports millions of lending decisions every month. It is the first full-service credit bureau and covers all borrower segments – Commercial, Retail and Microfinance. CRIF works with all leading financial institutions in the country providing them a comprehensive bureau coverage using its proprietary 'Made in India for India Search Engine', proven to work even with low quality data.

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: **+**91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in